डंपर की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत

जयपुर। दौलतपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार कॉलेज छात्र की मौत हो गई। हादसा पोखरिया वाला पुलिया के पास शाम करीब 5:30 बजे हुआ। डंपर की टक्कर के बाद छात्र सड़क पर गिर गया और डंपर के पिछले पहिए की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रशांत जांगिड़ (20) के रूप में हुई है। वह सोनी का बाग, विद्याधर नगर निवासी धर्मेंद्र कुमार जांगिड़ का पुत्र था और एमिटी यूनिवर्सिटी में बीबीए का छात्र था।दौलतपुरा थानाधिकारी महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर व मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया। दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

झालाना का ''राणा'' कहां गया?

12 दिन बाद भी वन विभाग के हाथ खाली, सर्च ऑपरेशन जारी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। झालाना लेपर्ड सफारी की पहचान बन चुके लेपर्ड राणा के लापता होने के 12 दिन बाद भी वन विभाग को उसका कोई सुराग नहीं मिला है। बुधवार को वन विभाग की टीमें दिनभर झालाना जंगल के अलग-अलग हिस्सों में राणा की तलाश करती रहीं, लेकिन कोई ठोस संकेत नहीं मिला।

■ **झालाना के जंगलों में उगी घनी घास में राणा की तलाश मुश्किल हुई, अब अतिरिक्त कैमरों से होगी निगरानी**



झालाना के जंगलों में लेपर्ड ''राणा'' की तलाश में वन विभाग की टीमें जुटी हुई हैं।

लगातार तलाश के बावजूद राणा का पता नहीं चलने से वन्यजीव प्रेमियों की चिंता बढ़ गई है।राणा की तलाश के लिए डीएफओ आशीष व्यास, एसीएफ जितेंद्र सिंह शेखावत और रेंजर विजयपाल यादव के नेतृत्व में टीम ने जंगल के संभावित क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया।

एमएनआईटी के आसपास के क्षेत्र में भी वन विभाग की टीमें निगरानी कर रही हैं। विभाग अब राणा की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त कैमरा ट्रैप लगाने की तैयारी कर रहा है।

बारिश के बाद बढ़ी घास बनी चुनौती

डीएफओ आशीष व्यास के अनुसार हाल में हुई बारिश के बाद झालाना जंगल में घास काफी बढ़ गई है। घनी और ऊंची घास के कारण लेपर्ड की तलाश चुनौतीपूर्ण हो गई है। जंगल का क्षेत्रफल बड़ा होने के कारण प्रत्येक हिस्से की निगरानी में भी समय लग रहा है। ऐसे में कैमरा ट्रैप और अन्य निगरानी माध्यमों से राणा की मौजूदगी का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

निगरानी और स्टाफ पर सवाल

राणा के लगातार लापता रहने के बीच झालाना जंगल की निगरानी व्यवस्था और स्टाफ की कमी का मुद्दा भी उठ रहा है। वन्यजीव प्रेमियों का कहना है कि जंगल में निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के साथ स्टाफ की कमी दूर करने की जरूरत है। वहीं सफारी ट्रैक के रखरखाव का काम भी किया जाना है। वन विभाग के अनुसार झालाना में निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। राणा की तलाश के लिए अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही स्टाफ की कमी दूर करने की दिशा में भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

झालाना की पहचान बन चुके राणा के 12 दिन से दिखाई नहीं देने के बाद वन विभाग लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहा है। जंगल के विभिन्न हिस्सों के साथ एमएनआईटी क्षेत्र में भी निगरानी की जा रही है। कैमरा ट्रैप के जरिए उसकी गतिविधियों का पता लगाने का प्रयास जारी है। फिलहाल राणा का कोई ठोस सुराग नहीं मिला है।

जर्जर बालगृह में रह रहे 80 बच्चों को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग

पीडब्ल्यूडी ने भवन को ''उपयोग के लिए असुरक्षित'' बताया, हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

जयपुर। सेठी कॉलोनी स्थित सरकारी ऑब्जर्वेशन होम, प्लेस ऑफ सेफ्टी और स्पेशल होम की जर्जर इमारत में रह रहे करीब 80 बच्चों की सुरक्षा का मामला राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ में पहुंच गया है। एडवोकेट वैष्णवी के माध्यम से अनंत मिश्रा ने जनहित याचिका दायर कर बच्चों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की है। मामले में एडवोकेट वैष्णवी और एडवोकेट अनुतोष मिश्रा पिटीशनर की ओर से काउंसिल हैं। इस प्रकरण पर 5 अक्टूबर को न्यायाधीश महेन्द्र गोयल व न्यायाधीश भुवन गोयल ने सुनवाई की थी। अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब किया है।

ज्ञात रहे कि अनंत मिश्रा अक्टूबर 2024 से डीएलएसए जयपुर में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल हैं। उन्होंने 15 सितंबर 2026 को सात लॉ इंटर्न्स के साथ परिसर का निरीक्षण किया था। याचिका के अनुसार परिसर में ऑब्जर्वेशन होम, प्लेस ऑफ सेफ्टी, स्पेशल होम और जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड-1 व 2 संचालित हैं। यहां करीब 80 चिल्ड्रन इन कॉन्फ्लिक्ट विद लॉ रहते हैं।



पीडब्ल्यूडी रिपोर्ट में दरारें, कमजोर नींव और खुली सरिया

याचिका में 26 मई 2026 की पीडब्ल्यूडी कमेटी की निरीक्षण रिपोर्ट का हवाला दिया गया है। इसमें भवन की स्ट्रक्चरल कंडीशन गंभीर बताते हुए कई हिस्सों में दरारें, कमजोर फाउंडेशन, जंग लगी खुली सरिया, बारिश के पानी का रिसाव तथा जर्जर प्लास्टर व टाइल्स का उल्लेख है। दीवारों में करीब डेढ़ से दो इंच तक चौड़ी दरारें भी बताई गई हैं। सीवर, टॉयलेट और बाथरूम की खराब स्थिति से सफाई व स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जताई गई।

10 जून 2026 की रिपोर्ट में भवन को डिलैपिडेटेड और स्ट्रक्चरल रूप से वीक बताते हुए उपयोग के लिए असुरक्षित बताया गया। इसके बाद 11 जून को ऑब्जर्वेशन होम के सुपरिंटेंडेंट ने संबंधित विभाग को पत्र लिखकर बच्चों की सुरक्षा के लिए इसे दूसरी जगह शिफ्ट करने का अनुरोध किया और दुर्घटना की आशंका जताई।

अधिकारियों को शिकायत देने के बाद हाईकोर्ट पहुंचे

याचिका के अनुसार 18 सितंबर 2026 को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी और कमिश्नर, डायरेक्टोरेट ऑफ चाइल्ड राइट्स को भी रिप्रेजेंटेशन देकर बच्चों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की गई, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

याचिका में जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, 2015 के तहत बच्चों के बेस्ट इंटरेस्ट, सुरक्षा, गरिमा और सुरक्षित वातावरण के प्रावधानों तथा राजस्थान हाईकोर्ट के 27 जनवरी 2016 के निर्देशों का हवाला दिया गया है। हाईकोर्ट से तीनों संस्थानों को तत्काल सुरक्षित और उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने तथा सुनवाई के दौरान अंतरिम रूप से बच्चों को सुरक्षित जगह शिफ्ट करने के निर्देश देने की मांग की गई है।

नाम परिवर्तन

वर्तमान में मेरे पुत्र का नाम अमन कसाना है भविष्य में अमन गुर्जर पुत्र श्योदान गुर्जर के नाम से जाना पहचाना जावें।, निवासी-187डी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, बी-ब्लॉक, गोपालपुरा बाईपास रोड, बदरवास, हीरापूरा, जयपुर

मैं अनीता(40) पत्नी जयराम सिंह शेखावत निवासी प्लाट नं.146, श्याम सरोवर, कालवाड़ रोड पिथावास, हाथोज जयपुर की मूल निवासी हूं मेरे सभी दस्तावेज में अनीता बाई गलती से दर्ज हो गया। सही नाम अनीता है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला नाजरा पत्नी अनवर नि0- ए-46-बी, बैनीवाल कांटा, हुसैन कॉलोनी, रामगढ़ मोड़, जयपुर का पुत्र आमिर व बहु तरन्नुम दोनो आपस में झगड़े करते है तथा मेरी मुवक्किला व परिवार के अन्य सदस्यो के साथ भी गाली गलोच व झगड़ा कर मेरी मुवक्किला को मकान से बाहर निकालकर मकान पर कब्जा करके बेचान करने की धमकी देते है तथा जिस कारण मेरी मुवक्किला ने अपने पुत्र आमिर व बहु तरन्नुम को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से एवं अपने परिवार व जीवन से बेदखल कर दिया है और मेरी मुवक्किला के पुत्र, बहु से सभी संबंध समाप्त कर दिये है, जो कोई व्यक्ति मेरी मुवक्किला के पुत्र आमिर, बहु तरन्नुम से किसी भी तरह का सव्यवहार या संबंध करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। कृपया सूचित रहे। (बलवीर सिंह) एडवोकेट
दिनांक-8/10/2026 मो. न. 9351903390

'पीएम-जनमन से जनजातीय क्षेत्रों में विकास को गति'

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। बारां जिले के किशनगंज, शाहबाद सहित 8 ब्लॉकों में सहरिया पीवीटीजी समुदाय को आवास, सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और आंगनबाड़ी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। राजस्थान में सहरिया पीवीटीजी की आबादी करीब 1.30 लाख है, जो बारां की 149 ग्राम पंचायतों के 324 राजस्व गांवों में निवास करती है।पीएम-जनमन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में 14,671 आवास पूर्ण हो चुके हैं। 4 हजार से अधिक परिवारों को नल कनेक्शन और 16 हजार से अधिक पात्र वंचित परिवारों को विद्युत कनेक्शन जारी किए गए हैं। जनजातीय क्षेत्रों में सड़क संपर्क मजबूत करने के लिए 22 सड़कों का काम भी पूरा हो चुका है।

पीएम-जनमन के तहत 15 मल्टीपर्पज सेंटर, 51 आंगनबाड़ी केंद्र और 51 वन-धन केंद्र संचालित हैं। दो छात्रावासों का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 19 अन्य छात्रावास जून 2027 तक पूरे किए जाएंगे। आरएसएलडीसी ने 621 लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की 8 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में सेवाएं दे रही हैं।

कांग्रेस का चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन सुर्खियों में बने रहने की कोशिश : मदन राठौड़

जयपुर, । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने दिल्ली में कांग्रेस के चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर कहा कि यदि कांग्रेस को आयोग से शिकायत है तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत 5 से 7 लोगों का प्रतिनिधिमंडल समय लेकर अधिकारियों से मिल सकता है। इसके बजाय 300-400 लोगों को लेकर प्रदर्शन करना केवल राजनीतिक नौटंकी और सुर्खियों में बने रहने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रदर्शन से न तो निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई होगी और न चुनाव प्रक्रिया पर कोई प्रभाव पड़ेगा। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास रखते हुए निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपनी बात रखे। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध प्रदर्शनों के जरिए जनता में भ्रम पैदा करने और उसे भड़काने का प्रयास किया जा रहा है।

राहुल गांधी के व्यवहार पर सवाल

राठौड़ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महिला पुलिसकर्मी के साथ व्यवहार को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं से मर्यादित और गरिमापूर्ण आचरण की अपेक्षा होती है। महिला पुलिसकर्मी की पीठ पर हाथ रखने को उन्होंने

■ **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि, ''300-400 लोगों के साथ प्रदर्शन राजनीतिक नौटंकी है।'' उन्होंने राहुल गांधी के द्वारा महिला पुलिसकर्मी से व्यवहार पर भी सवाल उठाए।**

निंदनीय बताते हुए कहा कि ऐसा व्यवहार संस्कारों और मर्यादा के अभाव को दर्शाता है।

राठौड़ कांग्रेस की एकजुटता पर निशाना साधा

कांग्रेस नेताओं के एकजुटता के दावों पर मदन राठौड़ ने कहा कि ''हम सब एक हैं'' कहने की जरूरत उसी को पड़ती है, जिसके मन में संदेह होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता एक फोटो फ्रेम के लिए साथ खड़े हो रहे हैं, जबकि उनके बयानों और गतिविधियों से पार्टी के भीतर की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो रही है। रंधावा द्वारा सचिन पायलट से बयान देने की बात और मना करने पर उन्हें पकड़कर लाने की चर्चा का हवाला देते हुए उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस नेता सचिन पायलट को बच्चा समझते हैं।

300 कि.मी. पीछा कर दो वाहन चोर दबोचे

जयपुर। आमेर पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करीब 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद चोरी किए गए महिंद्रा ट्रैक्टर-टैंकर का करीब 300 किलोमीटर तक पीछा किया और भीलवाड़ा से दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर-टैंकर बरामद कर लिया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बताया कि आमेर थाना पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पीयूष खोयर (32) निवासी रामगंज जयपुर तथा कैलाश मीणा (41) निवासी आमेर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

समक्ष न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम 3 जयपुर महानगर द्वितीय जयपुर

उज्जवल घीया व अन्य बनाम ताराचन्द व अन्य

प्रतिनिधित्व वाद (नोटिस अन्तर्गत आदेश -1 नियम-8 सीपीसी)

वादीगण ने म. न. 1201, ठाकुर मंदिर रामकंवरजी, घाटगेट, बाजार, जयपुर के संदर्भ में वादीगण ने एक प्रतिनिधित्व वाद प्रस्तुत किया है जिस कारण सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि कोई भी व्यक्ति उक्त वाद में पक्षकार बनना चाहता है तो वह पेशी 29/10/26 को प्रातः 10.00 ए.एम. बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर पक्षकार के रूप में संयोजित हो सकते है भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आदेश आज दिनांक 06.10.26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की की मुद्रा से जारी किया गया है।

प्रस्तुतकार
मोहर अदालत
अपर सिविल न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-3 जयपुर महानगर द्वितीय

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 23/2026
मजिस्द-ए-अलादीन जरिये मुतवल्ली सलीम खान V/s हर आम खा व वगै.

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम मजिस्द-ए-अलादीन जरिये मुतवल्ली सलीम खान S/o श्री छुट्टन खां, निवासी-ढाणी डूडीयान, खो-नागोरियान, जिला जयपुर राजस्थान
विवाद स्थान ......
मृतक ईदू खां की वसीयत दिनांक 18.03.2026 की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक-.....
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम ईदू खां पुत्र अल्लादिन जाति मुसलमान निवासी ढाणी-डूडीयान का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 05 माह 12 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 08 माह 10 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

रीडर
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-11 जयपुर महानगर प्रथम मुख्यालय सांगानेर

शिखर सम्मेलन में शामिल हुईं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

नई दिल्ली। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नई दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में आयोजित विभागीय शिखर सम्मेलन में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में महिला सशक्तिकरण, बाल कल्याण, बालिका शिक्षा, पोषण एवं आंगनबाड़ी सेवाओं के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों और नवाचारों को साझा किया।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मातृशक्ति को सशक्त बनाने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने राजस्थान सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रदेश की हर बेटी को शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना सरकार का संकल्प है। साथ ही प्रत्येक महिला और बच्चे के लिए सुरक्षित, स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन में महिला एवं बाल विकास से जुड़े विभिन्न विषयों, योजनाओं, नवाचारों और राज्यों में किए जा रहे कार्यों पर चर्चा हुई।

शोक जताया

जयपुर । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भारतीय फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बागडे ने कहा कि नाना पाटेकर केवल अभिनेता ही नहीं थे वह समाज को जागरूक करने, राष्ट्र प्रेम जगाने से जुड़े अहम व्यक्तित्व थे। उनका निधन हिंदी और मराठी फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है।

आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक: F-JDA/Zone -A/2026/D-37

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 289634 दिनांक 28.03.2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Change in Land Use जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	गृ.नि.स.स./निजी/खातेदारी/जविप्रा योजना	योजना का नाम	भू-उपयोग परिवर्तन का विवरण: पट्टा अनुसार भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग
1	Prabhavati Vaidh S/o Ghanshyam Vaid एवं Mahendra kumar Vaidh S/o GhanshyamVaidh एवं Kamal Kumar S/o Ghanshyam Vaidh	242	640.45 Sq. Yrds	JDA	Malviya Nagar Sector/ Block-A	Residential	Mix Use

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Change in Land Use जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना

डी.आर.एम./बिजली, उ. प. रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आंमत्रित करते है। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय : 29.10.2026 को 15.00 बजे तक 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 29.10.2026 को 15.00 बजे के बाद निविदा संख्या : 09R2/2026-27 कार्य का विवरण : Electrical work in c/w provision of S&T service building for interlocking of 08 Nos. of manned LC gates i.e. LC-143, 147A, 147, 137 in MTD-JU Section, LC-25, 18,16 in LN-MJ section and LC-80 in RTGH-DNA section over Jodhpur Division. अनुमानित लागत : रू. 2173257.76 विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें ।
1446-DE/26
हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमो के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रो में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है- ई- निविदा सूचना सं० 2026-27 : 152 of 2026-27 कार्य का नाम व स्थान : Samdari-Barmer Increasing Sleeper Density-128.104 T Km. अनुमानित लागत रूपये : 205106200.66 बयाने की राशि रूपयेः 4102100.00 निविदा सूचना संख्या 152of2026-27 (निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 30.10.2026 को 15:00 बजे तक है। वेबसाइट का विवरण जहॉ पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है - www.ireps.gov.in
1445-DE/26
हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक : 3530 **जाहिर आम सूचना** दिनांक : 31.08.2026

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 265/53 (LIG) का आवंटन श्री घनश्याम पुत्र स्व. श्री गोपीराम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 8883 दिनांक 09.12.2005 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 2740/3429 दिनांक 27.06.2010 के द्वारा श्रीमती कौशल्या बागीआ पत्नी श्री लालचन्द बागीआ के पक्ष में किया गया। इनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 30.06.2010 को कर दिया गया। श्रीमती कौशल्या बागीआ द्वारा श्री चांद मोहम्मद पुत्र श्री जुम्मा शाह को दिनांक 23.08.2012 को मुख्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री चांद मोहम्मद द्वारा मुख्यारआम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 30.01.2013 को श्रीमती कंचन महावर पत्नी श्री रोशन महावर को विक्रय कर उनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक अष्टम् जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। क्रेती श्रीमती कंचन महावर पत्नी श्री रोशन महावर द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती कंचन महावर पत्नी श्री रोशन महावर का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक
वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

नम्बर मिलाइए 8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

एसआईआर और ''वोट चोरी'' के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

10 अक्टूबर को 50 हजार कार्यकर्ता करेंगे दिल्ली कूच : डोटासरा

जयपुर (कासं)। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ कांग्रेस के देशव्यापी आंदोलन के तहत गुरूवार को प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन हुए। जयपुर में शहर कांग्रेस की ओर से कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी और वामदलों के कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया।

प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेश प्रभारी पुखराज पाराशर, पूर्व मंत्री बीडी कल्ला, विधायक रफीक खान सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। करीब डेढ़ घंटे तक केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के चलते कलेक्ट्रेट के आसपास यातायात प्रभावित रहा और जाम की स्थिति बन गई।

प्रदर्शन के बाद डोटासरा और जूली ने कार्यकर्ताओं से 10 अक्टूबर को दिल्ली कूच करने का आ ान किया। डोटासरा ने कहा कि दिल्ली में आंदोलन कर रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जा रहा है। राहुल गांधी केवल कथित वोट चोरी की जांच और दोषियों को हटाने की मांग कर रहे हैं। उनकी बात सुनी जानी चाहिए।

डोटासरा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के सांसद मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने जा रहे थे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा और सड़कों पर घसीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गांधीवादी तरीके से आंदोलन करेगी। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस ने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और उन्हें देश से बाहर किया, ऐसे में मोदी-शाह क्या चीज हैं।

उन्होंने कहा कि 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर बड़ा आंदोलन होगा। डोटासरा ने दावा किया कि राजस्थान से करीब 50 हजार कार्यकर्ता दिल्ली कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि आंदोलन इतना बड़ा होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस्तीफा तक देना पड़ा सकता है।



एसआईआर में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ कांग्रेस ने जयपुर कलेक्ट्रेट पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका।

'क्या चुनाव आयुक्त विदेशी हैं?'

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि देश के नेता प्रतिपक्ष के साथ मारपीट और धक्का-मुक्की की जा रही है तथा उन्हें सड़कों पर घसीटा जा रहा है। उन्होंने सवाल किया, क्या चुनाव आयुक्त विदेशी हैं, जो उनसे नहीं मिल सकते? जूली ने कहा कि देश का आम जनप्रतिनिधि और आम नागरिक भी चुनाव आयोग जाकर मिल सकता है।

जूली ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार गुंडागर्दी कर रही है और विरोध करने वालों के चारों तरफ पुलिस का पहरा लगा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि संविधान ने लोगों को विरोध करने का अधिकार दिया है। जब सरकार लोगों की बात नहीं सुनती तो जनता को मजबूती से सड़कों पर उतरना पड़ता है।

'राहुल गांधी से बात करें चुनाव आयुक्त'

पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि उन्होंने पहले कभी नहीं देखा कि देश के नेता प्रतिपक्ष को सड़कों पर घसीटा जा रहा हो और उनके साथ धक्का-मुक्की की जा रही हो।

उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार की जिम्मेदारी नहीं है कि नेता प्रतिपक्ष की सुरक्षा बढ़ाई जाए। खाचरियावास ने कहा कि सरकार किसी की बात नहीं सुन रही है, ऐसे में देश कैसे चलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर भी किसी को खड़ा नहीं होने दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई मंत्री राहुल गांधी से जाकर बात करे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भी राहुल गांधी से बात करनी चाहिए और नेता प्रतिपक्ष को विश्वास में लिया जाना चाहिए।

कार्यालय नगर निगम जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)
क्रमांक :- जसअ/2026/252 दिनांकः 05.10.2026

ई-बोली सूचना सं. 02/2026-2027

नगर निगम जयपुर में फोटो स्टेट पेपर रिम ए-4 तथा एफ.एस. (लीगल) साईज की आपूर्ति/क्रय कार्य हेतु पंजीकृत/रजिस्टर्ड फर्म/संस्था/कम्पनी/एजेन्सी/अनुभवी संवेदक से दिनांक 16 अक्टूबर 2026 को दोपहर 01.00 बजे तक ई-बोली आमंत्रित की जाती है। फोटो स्टेट पेपर रिम ए-4 तथा एफ.एस. (लीगल) साईज इत्यादि सामान की अनुमानित लागत, बोली अमानता राशि, बोली प्रपत्र शुल्क, आर.आई.एस.एल. शुल्क एवं अन्य सम्बन्धित सूचना/निविदा शर्तो आदि का सम्पूर्ण विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.jaipurmc.org, & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।
UBN No.:-JMC2627GLOB00521
उपायुक्त (स्टोर) नगर निगम जयपुर।
राज.संवाद/सी/26/11515

सूचना

डॉ0 आकिल हुसैन,
तत्का. चिकित्सा अधिकारी
सामु. स्वा. केन्द्र, दूदू (जयपुर)
निवास पता- मकान नं. 53 पॉल्ट्रीफार्म इंजनियरिंग कॉलेज के पास श्रीनाथपुरम्, सी-सेक्टर अकेलगढ कोटा
यह है कि आपके विरूद्ध विभागीय जॉच सीसीए नियम-16 अन्तर्गत कार्मिक विभाग के पत्र कमांक प. (24) का. / 2014 दिनांक 13.01.2025 व 15.09.2026 जो आपके नाम सम्बोधित है में उल्लेखित अनुसार कार्मिक द्वारा जारी ज्ञापन दिनांक 23.08.2017 में अधिरोपित आरोप को प्रकरण में नियुक्त जॉच अधिकारी द्वारा प्रमाणित माना गया है। जॉच अधिकारी द्वारा प्रेषित जॉच प्रतिवेदन प्राप्त करते हुए प्रमाणित आरोप के संबंध में आप अपना अभिकथन सूचना प्रकाशित के पश्चात् 03 दिवस में कार्मिक या संबंधित विभाग को प्रस्तुत कर देवें अन्यथा लम्बित प्रकरण में आप द्वारा अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार एक तरफा कार्यवाही कर ली जावेगी।
(डॉ. रवि प्रकाश शर्मा)
निदेशक (जन स्वास्थ्य)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान जयपुर
DIPR/C/17406/2026

आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांक: F-JDA/Zone -A/2026/D-37
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 289634 दिनांक 28.03.2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Change in Land Use जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।
1 Prabhavati Vaidh S/o Ghanshyam Vaid एवं Mahendra kumar Vaidh S/o GhanshyamVaidh एवं Kamal Kumar S/o Ghanshyam Vaidh 242 640.45 Sq. Yrds JDA Malviya Nagar Sector/ Block-A Residential Mix Use
उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Change in Land Use जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।